कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्या–एम0ई0–3/नर्सिंग–2022/2814 लखनऊ, दिनांक– 01 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर, 2022

बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग/एम0एस0सी0 नर्सिंग 2022 की द्वितीय चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग की संशोधित समय–सारिणी

नर्सिंग 2022 के अन्तर्गत राजकीय/निजी क्षेत्र के नर्सिंग कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग/एम0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रमों हेतु द्वितीय चक्र की आनलाईन काउंसिलिंग की संशोधित समय–सारिणी निम्नवत् है:–

ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग की तिथि	दिनांक 01.12.2022 को अपरान्ह 1:00 बजे से दिनांक 05.12.2022 को अपरान्ह 2:00 बजे तक
परिणाम घोषित करने की तिथि	07.12.2022/08.12.2022
आवंटन पत्र डाउनलोड करने एवं प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक 09.12.2022 से दिनांक 13.12.2022 तक

- **सभी अभ्यर्थी अपनी अर्हता स्वयं जॉच लें।**
- ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें प्रथम चक्र की काउंसिलिंग के द्वारा सीट आवंटित हुई थी एवं उन्होंने आवंटित कालेज में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली है, अपग्रेडेशन/च्वाईस फिलिंग हेतु अर्ह होंगे।
- दिव्यांगजन अभ्यर्थी के दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रदेश के राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे।
- **आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी प्रारूप पर ही मान्य होंगे। उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी माने जायेंगे तथा निजी क्षेत्र हेतु ही अर्ह होंगे।**
- **किसी भी अभ्यर्थी/अभिभावक को काउंसिलिंग/आवंटन के सम्बन्ध में कोई भी सूचना व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जाएगी। सम्बन्धित सूचनाओं हेतु अभ्यर्थी/अभिभावक विभागीय वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।**
- **सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निर्गत एन0सी0सी0 का सी प्रमाण–पत्र केवल ए/बी ग्रेड का ही मान्य होगा।**
- **नीट यू0जी0–2022 हेतु जारी शासनादेश के अनुसार ही बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग/एम0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग सम्पन्न करायी जाएगी।**
- SAC(Seat against cancellation) यह Virtual सीट है, SAC के अन्तर्गत प्रदर्शित सीट का उद्देश्य उन सीटों के सापेक्ष सभी कैटेगरी/सब कैटेगरी के अभ्यर्थियों से विकल्पों को लेना है। आवंटन के समय किसी अभ्यर्थी की सीट अपग्रेड होती है, तो उसकी सीट पूर्व प्रवेशित सीट की कैटैगरी/सब कैटैगरी में चली जाएगी तथा नियमानुसार मेरिट कम विकल्प के आधार पर किसी और अभ्यर्थी को आवंटित हो जाएगी।

  Acutal Vacancies - The seats which have not been allotted in Round-1, Not Reported in Round-1 and Resigned from Round-1.
  Virtual Vacancies / SAC – Any candidates who has been admitted to seats in Round-1 and has opted for up-gradation in Round 2, that admitted seats of Round 1 will be shown as virtual vacancy in Round 2 and Candidates can fill the said seat during the choice filling in Round 2. However, such seats will be allotted in Round 2 if the admit candidate of Round 1 vacates/upgrades in Round 2.
- Choice Locking और Login Password एक ही है अतः Choice Locking के लिए वही Password use करें, जो Login करते समय किया था।
- विकल्पों को भरने (Choice Filling) के उपरान्त Choice Lock करना अनिवार्य है। Choice Lock न करने की स्थिति में अभ्यर्थी आवंटन की प्रकिया से स्वतः ही बाहर हो जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं एवं विस्तृत विवरण बेबसाईट **https://nursing.upsdc.gov.in & www.dgme.up.gov.in** पर देखा जा सकता है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक।